

# भोले बाबा की धूम-धाम व गाजे-बाजे के साथ निकली अलौकिक बारात

## महाशिवरात्रि पर शहर में निकली भोले बाबा की बारात, भक्तों की उमड़ी भीड़, फूलमती मंदिर में धूमधाम से हुआ शिव-पार्वती विवाह









नवभारत न्यूज

**सीधी 15 फरवरी। शहर में कल युवा व्यापारी संघ सीधी द्वारा महाशिवरात्रि पर भोलेबाबा की भव्य बारात स्थानीय सम्राट चौक से शाम 6 बजे निकाली गई। बारात में शिव भक्त युवा वर्ग, मातृ शक्तियां एवं वरिष्ठ जन सम्मिलित हुए। शिव बारात का शुभारंभ शिव जी की आराधना एवं भव्य आरती के साथ हुआ। इसके उपरांत भोलेनाथ की बारात ने सम्राट चौक से प्रस्थान किया।**

बारात के शुभारंभ में विकास भवन के सामने बारातियों का भव्य स्वागत किया गया तथा भगवान शिव की पूजा-अर्चना हुई। गांधी चौक में कलर इवेंट जबलपुर के कलाकारों द्वारा अद्भुत प्रस्तुतियां दी गई, पुराना बस स्टैण्ड में भव्य स्वागत किया गया तथा शिव की आराधना हुई। बारात में दूल्हे भोलेनाथ के साथ सभी बाराती बैण्ड और डीजे की धुन पर थिरकते हुए फूलमती मंदिर पहुंचे। यहां कलाकारों द्वारा अनेक मनमोहक प्रस्तुतियों के बाद रात करीब 10 बजे से भोलेनाथ का पार्वती जी के साथ विवाह कार्यक्रम पुरोहितों के मंत्रोच्चारण के बाद शुरू किया गया। विवाह संपन्न होने के पश्चात यहां व्यापारी संघ द्वारा महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। बारात में शामिल होने वाले सभी भक्तगण पीले वस्त्र में शामिल रहे। महाशिवरात्रि पर निकाली गई बारात में देवी-देवताओं के साथ ही साधू संतों, अघोरियों को भी आमंत्रित किया गया था। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता के मार्गदर्शन में युवा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सनी मोटवानी, महामंत्री अमित गुप्ता, पंकज कुशवाहा, सतीश गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, आशीष सोनी, प्रकाश वर्मा, रोहित गुप्ता, अनूप गुप्ता, अजय आहूजा, अनुराग गुप्ता अन्य पदाधिकारियों के विशेष योगदान से कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। भोलेबाबा की बारात में सीधी सांसद राजेश मिश्रा, विधायक रीती पाठक, वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, रामजी सिंह, धर्मेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व भाजपा अध्यक्ष इंद्रशरण सिंह, समाजसेवी डॉ.अनूप मिश्रा, दिलीप सितानी कमल कामदार, भीम कामदार, हरिहर सोनी समेत हजारों की संख्या में व्यवसायीए गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### भगवान शिव की बारात का हुआ भव्य स्वागत

शहर में भगवान शिव की निकाली गई, बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बारात में शामिल बारातियों द्वारा डीजे की धुन में थिरकते हुए सम्राट चौक से लेकर अस्पताल तिराहा, गांधी चौक, लालता चौक, सोनांचल बस स्टैण्ड, पटेल पुल, अमहा, फूलमती मंदिर तक की दूरी तय की गई। शिव जी की बारात में हजारों बाराती शामिल रहे। भगवान शिव के बारात में बाराती बनने का सौभाग्य मिलने से बारातियों में काफी उत्साह नजर आया। खासतौर से अघोरी राक्षस बने बाराती सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र रहे।

### होली खेलैं मसाने... की धुन पर खूब नाचे अघोरी

कलर्स इवेंन्ट्र जबलपुर के तीन दर्जन कलाकारों द्वारा आज निकाली गई शिव बारात में अघोरी राक्षस का रूप धरकर होली खेलैं मसाने... की धुन पर खूब नाचते रहे। अघोरी राक्षस बाराती लोगों के बीच काफी आकर्षण का केन्द्र बने रहे। वहीं सागर से 20 झांझ डमरू के कलाकार आकर्षक का केन्द्र रहे। इनके द्वारा डीजे, ताशा, बैंड बाजे की धुन में झूमते और नाचते हुए भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में हजारों शिव भक्त शामिल होकर इस भव्य कार्यक्रम के साक्षी बने।



### आकर्षण का केन्द्र बने रहे भोलेनाथ के बाराती

महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा महादेव की भव्य बारात शहर में निकली। भोलेनाथ के बारात में शामिल बाराती आकर्षण का केन्द्र बने रहे। बारात में युवा व्यापारियों की सहभागिता काफी बढ़-चढक़र थी। बारात में युवा व्यवसायी समेत हजारों लोग शामिल रहे। भोलेनाथ की बारात शहर में आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शाम को सम्राट चौक से रवाना होने के साथ ही फूलमती मंदिर तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु बारात का स्वागत करते रहे।



# रिश्तेदार ही निकला मास्टरमाइंड, 4 लाख से अधिक के जेवरात बरामद

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 फरवरी। कमर्जी पुलिस ने चोरी के प्रकरण में महज 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। मामले में रिश्तेदार ही मास्टरमाइंड निकला। पुलिस ने 4 लाख से अधिक के जेवरात बरामद किया।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, एएसपी अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कोल के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी कमर्जी के नेतृत्व में थाना कमर्जी पुलिस ने चोरी के प्रकरण का सूचना प्राप्ति के मात्र 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। पुलिस के अनुसार



फरियादी कल्पना सिंह निवासी ग्राम कारीमाटी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 5 जनवरी 2026 को वह अपने पुत्र के साथ मायके चली गई थीं। 4 फरवरी 2026 को वापस आने पर घर के बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले। घर सूना होने का फायदा उठाकर आरोपी द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर त्वरित विवेचना की गई। पूंछताछ के दौरान आरोपी लवकेश सिंह ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, नगदी एवं 3 मोबाइल फोन सहित कुल कीमती लगभग 4 लाख 500 रुपये का मशरूका बरामद किया गया। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की जांच जारी है। कार्रवाई में कार्यवाहक थाना प्रभारी सउनि मनोज वर्मा, सउनि केसरी प्रसाद पाण्डेय, प्रआर अमर सिंह परिहार, आरक्षक शुभम सिंह एवं महिला आरक्षक सुनीता पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

# मड़वास अंचल के धनसेर गांव में आज होगा विशाल कवि सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 फरवरी। मड़वास अंचल के अंतर्गत महखोर ग्राम पंचायत के धनसेर गांव में आज एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रीवा, सीधी और मझौली सहित अन्य जगह के महत्वपूर्ण कवि शिरकत कर रहे हैं।**

धनसेर गांव में स्वर्गीय सीता प्रसाद तिवारी की स्मृति में पुष्पेन्द्र तिवारी द्वारा कराई जा रही वाल्मीकि कथा के पांचवें संध्या पर यह विशाल कवि सम्मेलन आयोजित हो रहा है। महत्वपूर्ण कवियों में डॉ.शांतिदूत द्विवेदी रीवा, डॉ.शिव शंकर मिश्र सरस सीधी, विनय मिश्रा प्रांजल सीधी, रामनरेश तिवारी निष्ठुर रीवा, ललित श्रीवास्तव मझौली, डॉ.शिवानंद तिवारी रीवा, क्रांति मिश्रा सिमरिहा, रावेन्द्र शुक्ला देवई, संतोष तिवारी सहित महेंद्र सिंह मझौली व अन्य महत्वपूर्ण कवि भाग लेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ.प्रवेश तिवारी ने बताया है कि शाम 7 बजे यह सम्मेलन शुरू होगा। उन्होंने सभी सुधि जनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# ग्लोरियस विद्यालय में मनाया गया मातृ पितृ गुरु पूजन दिवस

नवभारत न्यूज

**निवास 15 फरवरी। आज के आधुनिकीकरण के युग में जहां बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के ग्लोरियस पब्लिक स्कूल निवास के छात्र-छात्राओं के बीच में संस्कार का निर्माण हो तथा माता-पिता को ईश्वर के रूप में पूजने की परंपरा को आगे बढ़ते हुए मातृ पितृ गुरु पूजन दिवस कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ।**

जिसमें बच्चों ने अपने माता-पिता को दीप आरती कर चरण वंदन करते हुए ईश्वर के रूप में पूजा अर्चना की गई। विद्यालय के संचालक आर.पी.विश्वकर्मा के



द्वारा भारत के प्राचीन इतिहास के बारे में बताते हुए किस प्रकार से गुरुकुलों में संस्कार का निर्माण होता था इस परम्परा को आगे बढ़ने का सभी बच्चों से आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों के द्वारा अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अभिभावको के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर में

### समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी का पंजीयन प्रारंभ

**सीधी।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की व्यवस्था की जाती है। इसी क्रम में गेंहू उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुका है, जो 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। किसान एमपी किसान ऐप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिले में प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पंजीयन कराएं, क्योंकि केवल पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाएगी। पंजीयन की नि:शुल्क सुविधा स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर उपलब्ध है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में 50 रूपये शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते का विवरण अवश्य दर्ज करें, जिससे भुगतान ऑनलाइन किया जा सके। साथ ही बोए गए खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका एवं आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी अनिवार्य होगी। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। भूमि स्वामी किसान एवं सिकमी किसान के मध्य 2 फरवरी 2026 से पूर्व वैधानिक अनुबंध होने की स्थिति में ही सिकमी किसान को समर्थन मूल्य पर पंजीयन का अवसर प्रदान किया जाएगा। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेहूं उपार्जन का लाभ दिया जाएगा।

### वन अधिकार अधिनियम के अमल के लिए प्रशिक्षण 19 से

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों, विशेष रूप से सामुदायिक वन अधिकार एवं धारा 3(1) अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों की मान्यता विषयक दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह प्रशिक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन से जुड़े उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समितियों के शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों के लिए आयोजित किया जाएगा। जारी आदेशानुसार प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी 2026 को प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में आयोजित होगा। प्रशिक्षण में कमल किशोर आर्मो, सार्थक त्यागी, सत्यशोभन दास एवं लखन मरावी मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण देंगे। प्रथम दिवस 19 फरवरी के प्रशिक्षण में विभिन्न उपखण्डों के प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल होंगे। द्वितीय दिवस 20 फरवरी के प्रशिक्षण में प्रदीप कुमार सिंह, संतोष सिंह गोड, श्रीमती देववत सिंह जनपद सदस्य सीधी, श्रीमती माया कोल, केमलभान सिंह, हीरा कुमार सिंह जनपद सदस्य रामपुर नैकिन, शिवभान सिंह, श्रीमती रानू सिंह, दीपक कोल जनपद सदस्य मझौली, श्रीमती वंदना सिंह, मुन्ना कोल, सम्पूर्ण सिंह जनपद सदस्य सिहावल, अतिबल सिंह, भानू प्रताप सिंह एवं श्रीमती सावित्री पनिका जनपद सदस्य कुसमी सहित अन्य अशासकीय सदस्य शामिल होंगे। कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के रूप में एस.डी.सोनवानी एसडीओ वन सीधी, राजेश पारस नायब तहसीलदार मड़वास, धनंजय मिश्रा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी, सूर्यप्रताप सिंह, बृजेन्द्र कुमार बुनकर, रजनीश मिश्रा, लालता केवट एवं कृष्णपाल सिंह को नामांकित किया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण-प्रबंधन को सुदृढ़ करना है।

# ग्राम ताला के वृद्धाश्रम में आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

## बुजुर्गों की हुई स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श किये गये प्रदान

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 फरवरी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.बैजनाथ प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम ताला स्थित वृद्धाश्रम में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ.अजय तिवारी के नेतृत्व में किया गया।**

शिविर के दौरान डॉ. तिवारी ने उपस्थित बुजुर्गों को समग्र स्वास्थ्य (Holistic Well&Beinghhm) एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आयुष पद्धति के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार-विहार,



नियमित दिनचर्या एवं योग-प्राणायाम के लाभों पर प्रकाश डाला। बुजुर्गों द्वारा पूंछी गई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान उनकी स्थानीय भाषा में सरल एवं सहज तरीके से समझाया गया।

कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों का रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर परीक्षण सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकतानुसार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार एवं परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया।

# ऑनलाइन रेफरल जज प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 फरवरी। एमसीपीसी (मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति) नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के सहयोग से मीडिएशन फॉर द नेशन 2.0 अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन रेफरल जज प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायालयीन व्यवस्था में मीडिएशन की भूमिका को सुदृढ़ करना, वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करना तथा लंबित मामलों के शीघ्र, सरल एवं सौहार्दपूवर्ण निपटाने को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी एवं समस्त न्यायाधीशगण की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मीडिएशन की अवधारणा, मीडिएशन से संबंधित विधिक प्रावधानों, प्रकरणों को मीडिएशन हेतु रेफर करने की प्रक्रिया, रेफरल जज की भूमिका एवं दायित्व, प्री-लिटिगेशन मीडिएशन तथा आपसी सहमति से विवाद समाधान के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न न्यायालयों से जुड़े न्यायधिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

# कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक, नगर अध्यक्षों का पदभार ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित

## प्रथम बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण, ग्राम पंचायत व वार्ड कमेटी गठन पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 फरवरी। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन में जिले के नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों के पदभार ग्रहण कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठनात्मक एकता, अनुशासन और सक्रिय जनसंपर्क को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया गया।**

कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त अध्यक्षों ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इसके उपरांत आयोजित बैठक में ग्राम पंचायत कमेटी एवं वार्ड कमेटी के गठनए संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तारए जनसंपर्क अभियान को तेज करने तथा संगठन की





कार्यकुशलता बढ़ाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में आगामी रणनीति तय करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक और नगर स्तर पर सक्रिय एवं जिम्मेदार नेतृत्व से ही कांग्रेस का जनाधार और अधिक मजबूत होगा। हमें गांव-गांव, वार्ड-वार्ड तक पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। ग्राम पंचायत और वार्ड कमेटियों का गठन शीघ्र पूर्ण कर संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विनोद शर्मा, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, रामभिलाष पटेल, अरविन्द तिवारी, परमजीत पाण्डेय, विवेक सिंह दीपू, हल्के सोनी, सुंदरलाल सिंह, राणा प्रताप सिंह, जय सिंह, सुनील सिंह, सुखनंदन सोनी, सुशील पाण्डेय, मनोज सिंह चंदेल, शिवकुमार सिंह, चिंतामणि गुप्ता, विमल जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।